सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 287 | इंदौर, सोमवार 29 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Lucknow : नामांकन से पहले राजनाथ सिंह ने किया रोड शो, रथ पर मौजूद रहे सीएम योगी व कई नेता
2. Uttarakhand Forest Fire: नेपाली मजदूर समेत सात को वनों में आग लगाते रंगे हाथ दबोचा, सभी पर मुकदमा, एक को जेल
3. Interview: माधवी लता ने कहा- चुनाव के दौरान हैदराबाद में लगाएं यूपी के कर्मचारी, मजाल ओवैसी कुछ गड़बड़ कर लें
4. T20 World Cup 2024: टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम का एलान, कॉन्वे की वापसी, विलियम्सन करेंगे कप्तानी
5. Interview: जाति और कौम के आधार पर माहौल बनेगा तो लोग फंस ही जाएंगे, जातीय-धार्मिक ध्रुवीकरण पर मेनका की दो टूक
6. Delhi : मंत्रालय की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी, गृहमंत्री अमित शाह की फर्जी वीडियो का मामला
7. Weather: आसमान से बरसती आग से झुलस रहा आधा भारत; बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों में लू और बारिश का अलर्ट

# मई में 47 डिग्री के पार पहुंचेगा टेम्प्रेचर

### MP में कल से बढ़ेगी गर्मी; आज छिंदवाड़ा-मंडला में बूंदाबांदी के आसार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मई के महीने में सूरज के तेवर तीखे रहने का अनुमान है। सबसे ज्यादा गर्मी ग्वालियर-चंबल में रहेगी। वहीं, नौगांव, छतरपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, खरगोन, बड़वानी, राजगढ़, शाजापुर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, नरसिंहपुर समेत कई जिलों में भी गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ शहरों में पारा 45 से 47 डिग्री तक भी पहुंच सकता है। हीट वेव भी चलेगी। इस बीच यदि कोई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होता है और बारिश का सिस्टम बनता है तो टेम्प्रेचर में थोड़ी कमी भी आ सकती है।**

रविवार को ग्वालियर समेत 15 शहरों में गर्मी का असर रहा। यहां टेम्प्रेचर 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। सीधी सबसे गर्म रहा। यहां दिन का टेम्प्रेचर 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, सिवनी और बालाघाट जिलों में हल्की बारिश का दौर भी चला। IMD भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया,




वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने से बने सिस्टम का असर सोमवार से कम हो जाएगा। इस दिन कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी होगी, लेकिन इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। 30 अप्रैल से दिन-रात के टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी होगी। इससे मई की शुरुआत तेज गर्मी से होगी।

#### आज यहां बारिश के आसार

सोमवार को छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट और मंडला में हल्की बारिश हो सकती है। भोपाल में धूप निकलेगी।

#### अप्रैल में भी गर्मी का अनुमान था, पर बारिश हुई

मौसम विभाग ने मई में तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। हालांकि, अप्रैल में भी दिन का तापमान बढ़ने का अनुमान जताया था, लेकिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से अप्रैल के पूरे महीने ही बारिश का दौर चला। अप्रैल में ओवरऑल बारिश का रिकॉर्ड भी टूट गया। भोपाल में पौने 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं, अप्रैल में लगातार 11 दिन तक बारिश होने का रिकॉर्ड भी बना है। 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रदेश में लगातार बारिश हुई है। इसके बाद लगातार 9 दिन तक फिर से बारिश हुई।

#### सिस्टम की एक्टिविटी घटी, गर्मी का असर बढ़ा

रविवार को सिस्टम की एक्टिविटी घटने से प्रदेश के कई शहरों में गर्मी का असर भी बढ़ा रहा। भोपाल में पूरे दिन गर्मी रही। प्रदेश के 15 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा।

सबसे गर्म सीधी रहा। यहां टेम्प्रेचर 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नर्मदापुरम, रतलाम, गुना, शिवपुरी, नरसिंहपुर, नौगांव, दमोह, टीकमगढ़, खजुराहो में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। सतना, खरगोन, खंडवा और रीवा में पारा 41.2 से 41.6 डिग्री के बीच रहा।

बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में पारा 40 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 39.8 डिग्री, इंदौर में 38.2 डिग्री, जबलपुर में 38 डिग्री और उज्जैन में 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मालवा-निमाड़ के लोकसभा कैंडिडेट्स का फैसला आज

# अंतिम चरण के प्रत्याशियों की नाम वापसी दोपहर तीन बजे तक, 11 प्रत्याशियों के फॉर्म हुए थे रिजेक्ट

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**भोपाल । प्रदेश में चौथे चरण के लिए भरे गए नामांकन फॉर्म की वापसी आज होगी। नाम वापसी के बाद अंतिम चरण के प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो जाएगी। इसके पहले नामांकन फॉर्म की स्क्रूटनी में 11 प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म रिजेक्ट किए गए थे। इसमें सबसे अधिक 3 नामांकन इंदौर लोकसभा सीट से रिजेक्ट हुए जिनके नामांकन रिजेक्ट हुए थे उनमें से अधिकांश कांग्रेस के**



**प्रत्याशी हैं जो डमी कैंडिडेट के रूप में नामांकन प्रक्रिया में शामिल हुए थे।**

लोकसभा चुनाव के चौथे और अंतिम चरण के लिए 25 अप्रैल तक नामांकन जमा किए गए थे। इसके बाद 26 अप्रैल शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान जिन प्रत्याशियों के नामांकन खारिज किए गए हैं, उनमें मंदसौर में नंदकिशोर पटेल इंडियन नेशनल कांग्रेस, अमन अग्रवाल अखिल भारतीय परिवार पार्टी, रतलाम में रामेश्वर सिंगार, वर्धमान डामोर जय प्रकाश जनता दल, विक्रांत भूरिया इंडियन नेशनल कांग्रेस, देवास लोकसभा सीट से बने सिंह अष्टाया इंडियन नेशनल कांग्रेस, उज्जैन में पुष्पेंद्र सूर्यवंशी पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक, दीपिका सुरेंद्र मरमट इंडियन नेशनल कांग्रेस, खरगोन में अनिल दरबार रावत इंडियन नेशनल कांग्रेस के नामांकन रिजेक्ट किए गए हैं।

चुनाव आयोग की वेबसाइट में नामांकन पत्रों के रिजेक्ट करने की जो जानकारी दी गई है उसके अनुसार इंदौर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों में सुनील तिवारी (निर्दलीय), रविंद्र लोखंडे (निर्दलीय), मोती सिंह (इंडियन नेशनल कांग्रेस) और लीलाधर (इंडियन नेशनल कांग्रेस) के नामांकन शामिल हैं।

# मालवा-निमाड़ के साढ़े अठारह हजार बूथों पर बिजली का माकूल प्रबंध रहेगा

## 1200 बूथों पर अस्थाई कनेक्शन देने की कार्रवाई प्रारंभ

**दो हजार कर्मचारी मतदान के दिन बिजली आपूर्ति संबंधी सेवाएं देंगे**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मालवा निमाड़ में लोक सभा चुनाव के करीब साढ़े अठारह हजार मतदान केंद्रों पर बिजली का माकूल प्रबंध करेगी। कंपनी क्षेत्र में करीब 1200 ऐसे बूथ चिन्हित किए गए है जहां बिजली के स्थाई कनेक्शन नहीं है, यहां पर अस्थाई कनेक्शन देने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन के दौरान कंपनी क्षेत्र में दो हजार से ज्यादा कर्मचारी आपूर्ति व्यवस्था में लगेंगे, जिनमें करीब पांच सौ इंजीनियर भी शामिल है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि इंदौर क्षेत्र के मुख्य अभियंता को आठ जिले एवं उज्जैन क्षेत्र के मुख्य अभियंता को सात जिले में माकूल व्यवस्था कराने के लिए आदेशित किया गया है। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर क्षेत्र में आठ जिलों के दस हजार पांच सौ ज्यादा एवं उज्जैन क्षेत्र के सात जिलों में करीब आठ हजार बूथों पर बिजली व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहेगी। कंपनी क्षेत्र में करीब 1200 बूथ ऐसे चिन्हिंत किए है, जहां बिजली का स्थाई कनेक्शन संबंधित विभाग या भवन स्वामी ने नहीं ले रखा है, यहां अस्थाई कनेक्शन मतदान तिथि से दो दिन पहले तक प्रदान किया जाएगा। इसके लिए विभागीय कार्रवाई सर्वेक्षण इत्यादि प्रारंभ हो चुके है। श्री तोमर ने बताया कि दोनों ही मुख्य अभियंताओं के अलावा इंदौर शहर अधीक्षण अभियंता, इंदौर ग्रामीण वृत्त अधीक्षण अभियंता व अन्य जिलों के अधीक्षण अभियंताओं को संबंधित जिले में मतदान कर्मचारी प्रशिक्षण स्थल, ईवीएम स्ट्रांग रूम, जिला निर्वाचन कार्यालय, मतदान सामग्री वितरण स्थल आदि की बिजली व्यवस्ताओं की समीक्षा करने एवं निर्बाध आपूर्ति के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आपूर्ति व्यवस्थाओं में पांच सौ इंजीनियरों सहित कुल दो हजार से ज्यादा कर्मचारी लगेंगे। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालयों के आदेशानुसार अन्य कर्मचारी मतदान कर्मचारी के रूप में भी दायित्व निभाएंगे।

# कला के रंग के समापन पर मधुबनी पर डेमो वर्कशॉप

**कला के रंग प्रकृति के संग , कहते कहानी रंगों की जुबानी**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। दो दिवसीय कला प्रदर्शनी कला के रंग का समापन रविवार को हुआ । क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी के समापन पर वरिष्ठ कलाकार अलका झा ने मधुबनी आर्ट पर जानकारी दी एवं डेमो दिया । उन्होंने बताया मधुबनी पेंटिंग चित्रकला के रूप में ज्ञान की एक महत्वपूर्ण परंपरा है जिसे मिथिला पेंटिंग के रूप में भी जाना जाता है ।**

मधुबनी पेंटिंग दुनिया की सबसे प्रसिद्ध पेंटिंग में से एक है यह मिथिला क्षेत्र की वह लोकप्रिय कला है जो वहां के लोगों की रचनात्मकता और संवेदनशीलता को दर्शाती है यह सदियों पुरानी कला उंगलियां , टहनियां ,ब्रश , पेन, माचिस की तीलियों के साथ प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके बनाई जाती है । जिसे एक आकर्षक ज्योमैट्रिकल पैटर्न की सहायता से बनाया जाता है ।

मधुबनी पेंटिंग की 6 दिनी बेसिक से एडवांस सर्टिफाइड वर्कशॉप 3 मई से 8 मई तक संस्था आर्टवे और क्रिएट स्टोरीज द्वारा अभिनव कला समाज गांधी हॉल में आयोजित होगी जिसमे पहले से रजिस्टर कर भाग ले सकते है ।

# मतदान के लिए पैडल फॉर वोट का आयोजन

## मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप प्लान मे मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर । स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह तथा प्रभारी आयुक्त सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार इन्?दौर में स्वीप गतिविधि अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है।**

मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस ग्रुप के सहयोग से इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा पैडल फॉर वोट का पलासिया चौराहा सेल्फी पॉइंट से राजेंद्र नगर स्थित द साइकिल वर्ल्ड तक आयोजन किया गया। पैडल फॉर वोट को स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह एवं अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा द्वारा पलासिया चौराहा सेल्फी प्वाइंट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं स्वयं भी साइकिल चला कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर फिटनेस फ्रीक विजय सोहानी, सुश्री आरती महेश्वरी, श्री सुभाष मसीह, डॉक्टर योगेंद्र व्यास, सुश्री सपना खत्री श्री हरीश कारडा एवं 100 से अधिक साइकिलिस्ट ने भाग लिया। स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं, इसी क्रम में आज द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस ग्रुप के सहयोग से इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा पलासिया चौराहा सेल्फी प्वाइंट, गीता भवन चौराहा, शिवाजी वाटिका, जीपीओ चौराहा, नौलखा चौराहा, भंवर कुवा चौराहा, चोइथराम मंडी चौराहा होते हुए राजेंद्र नगर चौराहे पर स्थित द साइकिल वर्ल्ड तक पैडल फॉर वोट का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं की प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पैडल फॉर वोट हेतु बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया तथा मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

### मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

इंदौर । भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होगा।

# 16 पैरामेडिकल प्रेरकों को स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठा अवार्ड से सम्मानित

## सामूहिक प्रयासों से ही मिलती है सफलता श्री कोकजे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। एक गरिमामय समारोह में सत्कार कला केन्द्र ने 16 पैरा मेडिकल प्रेरकों को स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठा अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुखता से स्वस्थ जीवन जीने में जिनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है ,ऐसे योगाचार्य और आहार विशेषज्ञ को सम्मान के लिए सम्मिलित किया गया। सभी अवार्डियो को आकर्षक मंजूषा प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन इंदौर प्रेस क्लब सभागृह मे हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व चीफ जस्टिस एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल वी एस कोकजे थे। अध्यक्षता की शासकीय मेडिकल कॉलेज, नीमच के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने। अपने मुख्य संबोधन में कोकजे ने कहा कि एक चिकित्सक कितना भी अच्छा क्यों नहीं हों, अगर उसे सहायको विशेषकर नर्सेस, रेडियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट आहार विशेषज्ञ, योगाचार्य ,ओटी इंचार्ज का सहयोग नही मिला हो। सामूहिक प्रयासों से ही सफलता मिलती है।

कोकजे ने आगे कहा कि वर्षो पहले फैमिली डॉक्टर होते थे और एक कम पौंडर होता था, जिसका मरीज के साथ सीधा संबंध होता है। आवश्यकता इस बात की है कि आने वाले समय मे हम मेडिको सोशयल वर्कर्स की अधिक जरूरत लगेगी, इसलिए उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ, घनघोरिया ने कहा कि चिकित्सा की दुनिया में पैरा मेडिकल स्टाफ की अहम भूमिका होती है। ।मैंने अपने जीवन में ऐसे कई चिकित्सक देखे जिन्होंने पैरामेडिकल स्टाफ से भी सीख ली । ऐसे पैरा मेडिकल प्रेरको का सम्मान लगातार होना चाहिए।संस्था अध्यक्ष डॉ, सुरेंद्र दिल्लीवाल ने स्वागत भाषण दिया। संस्था का परिचय महासचिव कैलाश मुंशी ने दिया।

इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल ने अस्पतालो में पैरामेडिकल स्टाफ की महती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज इनकी सेवाओं को नजरअंदाज नही करे। संगठन मंत्री पुरुषोत्तम वाघमारे ने सभी अवार्डियो का परिचय एवं अतिथियों को प्रतिक चिन्ह प्रदान किये। अतिथि स्वागत उपाध्यक्ष विजय पारेख ने किया। कार्यक्रम का संचालन किया जयेश कोठारी ने और सांस्कृतिक सचिव डॉ. सुयांश दिल्ली वाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**इन्हें मिला अवार्ड**

आशुतोष धनोते, नवीन शर्मा, नवनीत नेल्सन, शिवनंदन मीणा, बेबी बारस्कर, अरुण कुमार, अलका शुक्ला, रेखा चोपड़ा, सोमी अब्राहम, रामचंद्र जाटव, अंजना नाईक, डॉ. प्रियंका चौहान, मिस कैथराइन के पी, डॉ. निर्मल महाजन, डॉ. महेश साहू और पूनम पटेल।

# नेशनल लोक अदालत 11 मई को

## आपसी समझौतों से विवादों का किया जाएगा निराकरण

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। प्रदेश के इंदौर सहित जबलपुर और ग्वालियर खंडपीठ में नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई, 2024 को आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेबल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा, जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा।**

लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में विधि-विधायी विभाग द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव और सचिव को पत्र लिखा गया है।

# मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकतार्ओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकतार्ओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे।**

मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये। यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा। मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा। मॉक पोल की व्हीव्हीपेट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबन्द और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा।

## कम हुआ शहर के तालाबों का जलस्तर जून तक साथ देगा यशवंत सागर तालाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गर्मी के मौसम में शहर के तालाबों का जलस्तर भी कम हो गया है। इंदौर के बड़े हिस्से की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब का जलस्तर 15 फीट है। जो जून माह तक के लिए पर्याप्त है। इससे होने वाली सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। इस तालाब की क्षमता 19 फीट है। पिछले साल बारिश में यह तालाब लबालब भर गया था।**

यशवंत सागर तालाब से एरोड्रम और बाणगंगा क्षेत्र की पांच टंकियां भरी जाती है। प्रतिनिधि 30 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है। यशवंत सागर के अलावा बिलावाली तालाब से भी जलापूर्ति होती है। अप्रैल माह की शुरूआत में शहर के बोरिंगों का जलस्तर कम हो गया है और पानी की डिमांड भी बढ़ गई है। इसे देखते हुए नगर निगम ने 300 टैंकरों से शहर के 89 वार्डों में जल वितरण शुरू किया है। इनमें नगर निगम के 80 टैंकर है, बाकि किराए पर लेकर लगाए गए है।

यशवंत सागर तालाब से पल्हर नगर, बीएसएफ, महाराणा प्रताप नगर, कालानी नगर और बाणगंगा टंकी को भरा जा रहा है। इसके अलावा कुछ इलाकों में सीधी सप्लाई भी हो रही है। अफसरों ने कहा कि तालाब में पर्याप्त पानी है। इंदौर में मानसून जून में आ जाता है। तब तक तालाब से जलापूर्ति हो सकेगी। इस तालाब का पानी सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में भी पहुंचाया जा रहा है। आईटी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस कैम्पस को भी तालाब से पानी दिया जा रहा है।

इंदौर शहर में नर्मदा के तीनों चरणों से 450 एमएलडी से ज्यादा पानी आता है। इसके अलावा यशवंत सागर और बिलावली तालाब से 35 एमएलडी पानी आता है। शहर के सार्वजनिक बोरिंगों से 15 एमएलडी पानी मिल जाता है।

# आठवां फेरा लिया पानी की फिजूलखर्ची रोकने का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में रविवार को बायपास स्थित महासभा के मांगलिक भवन पर समाज के जरूरतमंद परिवारों के दो बेटों का मंगल परिणय समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। दोनों युगलों ने इस मौके पर महासभा के चमेलीदेवी मन्नालाल गोयल सभागृह में आगामी लोकसभा एवं अन्य सभी चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करने के साथ ही आठवां फेरा ग्रीष्म काल में पानी की फिजूलखर्ची रोकने और मूक परिंदों के लिए दाना-पानी रखने के संकल्प के साथ लिया। दोनों युगलों को पूरे रीति-रिवाज से उपहारों सहित विदाई दी गई।



श्री अग्रसेन महासभा के अध्यक्ष सीए एस.एन. गोयल, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल कोल एवं प्रमुख संयोजक कैलाश नारायण बंसल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी रामनारायण अग्रवाल, भोलाराम राखोड़ीवाले, विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, पी.डी. अग्रवाल कांट्रेक्टर, मोहनलाल बंसल सहित महासभा के पदाधिकारियों ने इंदौर के सौरभ गर्ग और अजमेर की हर्षिता तथा वैभव अग्रवाल और खातेगांव की निकिता के नवयुगलों को सामाजिक सरोकारों की शपथ दिलाई। इसके पूर्व सुबह संयोजक अरुण आष्टावाले, राजेश बंसल एवं अनूप सिंघल ने इस्कान मंदिर पर बारातियों का स्वागत किया। बैंड-बाजों सहित वर-बधुओं का चल समारोह निकाला गया, जिसमें मेहमानों के साथ महासभा के सदस्य भी नाचते-गाचे हुए शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस विवाह उत्सव में भागीदार बनीं।

महासभा के नए पदाधिकारियों ने इस वर्ष सेवा से आनंद का सफर ध्येय वाक्य तय किया है, लिहाजा समाज के इन दो परिवारों की मदद के उद्देश्य से यह परिणय महोत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय मोतीलाल अग्रवाल, अजय आलूवाले, राजेश मित्तल, गोपालदास गुप्ता, नेमीचंद जैन, अरुण जैन, महेश अग्रवाल ने जहां सभी बारातियों का स्वागत किया, वहीं राजेश जिंदल, सतीश मंगल, प्रकाश मोमबत्ती, प्रकाश राखोड़ीवाले, श्याम सुंदर मोदी, विनोद नागोरी, राममनोहर गोयल, नंदकिशोर कंदोई, मदनलाल गरोठवाले आदि ने सभी व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। सुबह से शाम तक चले इस उत्सव में महासभा के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आभार माना संयोजक अरुण आष्टावाले ने।

# पांच मई को बड़ा गणपति से निकलेगी 'ब्राह्मण संस्कार यात्रा'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पांच मई को निकालने वाली ब्राह्मण संस्कार यात्रा के संदर्भ में रविवार को श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर के पदाधिकारी एवं नगर के विभिन्न ब्राह्मण संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक एरोड्रम रोड स्थित हंस दास मठ मैं संपन्न हुई।**




बैठक के संजय शुक्ला (पूर्व विधायक ), प्रदेश संरक्षक अनूप वाजपेयी (अन्नू), सत्येंद्र शर्मा, गोविंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। दीपक शर्मा एवं राजेश दुबे ने बताया कि बैठक में यह तय हुआ कि 5 मई को शाम 5 बजे बड़ा गणपति चौराहे से ब्राह्मण संस्कार यात्रा निकाली जाएगी। इसका समापन महाआरती के साथ मरीमाता चौराहा स्थित परशुराम वाटिका पर होगा। यात्रा में परशुराम सेना के अलावा ब्राह्मण सेवा संगठन, सर्व ब्राह्मण युवा संगठन, परशुराम महासभा, विप्र नारी सेवा संघ, सर्व ब्राह्मण सेवा समिति सहित अनेक संगठनों की झांकियां एवं साउंड गाड़ी सम्मिलित होगी। बैठक में परशुराम सेना इंदौर महानगर का विस्तार करते हुए संरक्षक पंडित संजय शुक्ला, अनूप वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता दीपक शुक्ला ने धीरज मैथिल को सचिव, मुरली जोशी और रितेश शर्मा को नगर मंत्री, प्रबोध महोदय को संगठन मंत्री और मोहित मिश्रा को मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत संरक्षक पं. संजय शुक्ला और अन्नू वाजपेयी ने किया। अतिथियों का स्वागत परशुराम सेना के पं. अनूप शुक्ला, पं. अनिल तिवारी, गौतम तिवारी, प्रेम बागोरा, अजय तिवारी, प्रकाश वाजपेयी, विजेंद्र दीक्षित, मोनेश जोशी आदि ने किया। बैठक में विशेष रूप से भागवताचार्य पं. अशोक चतुर्वेदी, पं. रामचंद्र दुबे, पं. सुनील दीक्षित, पं. दीपू मिश्रा, अनिल शर्मा, किशोर शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, प्रदीप मिश्रा, गुड्डु दुबे, भरत तिवारी, दिलीप दुबे, भूपेंद्र तिवारी, विजय शर्मा, धर्मेंद्र जोशी, रवि ओझा, प्रदीप शर्मा, प्रदीप नाइक, अजय चौधरी, प्रदीप जोशी, अजय दीक्षित, विशाल तिवारी, नवीन जोशी, सुधीर उपाध्याय, किशोर शुक्ला, दीपक पांडे मौजूद थे। इसी तरह मातृशक्ति श्रेष्ठा जोशी, जया तिवारी, सरिता दुबे, रेखा त्रिपाठी, विजेता जोशी, इंदु पांडे, सीमा उपाध्याय, कविता मिश्रा, चंदा तिवारी, प्रमिला शर्मा, नंदिता शर्मा,पूनम दीक्षित, पूनम शुक्ला, मीना पांडे, संतोषी दुबे, प्रगति तिवारी आरती मिश्रा आदि मौजूद थीं। कार्यक्रम का संचालन दीपक शुक्ला ने किया। दीपक शर्मा ने आभार माना।

## 24 साल के ब्रेन डेड सुनील ने 5 लोगों को दी नई जिंदगी



**इंदौर**। शहर में अंगदान के लिए एक बार फिर से ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। 24 वर्षीय युवक की जुपिटर अस्पताल में ब्रेन डेथ के बाद परिजनों ने अंगदान करने का फैसला लिया। इस अंगदान से पांच जिंदगियां रोशन होगी। इनमें हार्ट और लंग्स अहमदाबाद के मरीजों को और दोनों किडनियां और लिवर इंदौर के मरीजों को ट्रांसप्लांट किए गए। इसके लिए 56वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

दरअसल, रहटगांव जिला हरदा निवासी सुनिल राजपूत सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए इंदौर के जूपिटर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। शनिवार को डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद युवक को ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने अपने बेटे के अंगदान करने का निर्णय लिया। देर शाम इसके लिए दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। इसमें हार्ट और लंग्स के लिए अस्पताल से एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। फिर वहां से हार्ट और लंग्स को प्लेन से अहमदाबाद रवाना किया गया। हॉर्ट को अहमदाबाद भेजने से पहले सुनील की मां मंजू राजपूत ने बेटे का दिल रखे बॉक्स पर हाथ रख दुलार किया। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। सुनील की एक किडनी और लिवर जुपिटर हॉस्पिटल में एडमिट महिला मरीज को ट्रांसप्लांट की गई।

# मायावती बोलीं- कांग्रेस-भाजपा एक, इन्होंने बसपा को तोड़ा

## मुरैना में कहा-भाजपा चहेतों को मालामाल बना रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने मुरैना में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी और कांग्रेस को एक बताया। कहा कि उत्तरप्रदेश में चार बार बीएसपी के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी, तब कांग्रेस, बीजेपी और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बीएसपी को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला। इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। इन्हें आगे कर छोटे संगठन बनवा दिए और बीएसपी के मुकाबले में ले आए।**

उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा, ग्वालियर में भी एक-दो ऐसे स्वार्थी और बिकाऊ लोग हैं, जिन्होंने कांग्रेस और बीजेपी का मकसद पूरा किया। जब लगा कि बीएसपी कमजोर हो गई, तब कभी कांग्रेस तो कभी बीजेपी का दामन थाम लिया। ये बात बाबा साहेब की करते हैं, काम गांधी जी का करते हैं। इनसे सावधान रहना है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा, ये बीमारी उत्तरप्रदेश में भी है। जहां बीएसपी मजबूत है, वहां विरोधी पार्टियां इस तरह का षड्यंत्र रच रही हैं। मायावती ने मुरैना शहर के मेला मैदान में रविवार को ग्वालियर, मुरैना और भिंड लोकसभा से बसपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। इससे पहले 19 अप्रैल को उन्होंने रीवा में सभा की थी।

### गलत नीतियों के कारण कांग्रेस सत्ता से बाहर

मायावती ने कहा- आजादी के बाद केंद्र और देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता कांग्रेस के हाथ में केंद्रित रही है। दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग विरोधी गलत नीति और कार्यप्रणाली की वजह से कांग्रेस को केंद्र और काफी राज्यों की सत्ता से भी बाहर होना पड़ा है। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टी की भी रही। इस कारण ही फिर बीएसपी को बनाने की जरूरत पड़ी।

### बीजेपी सत्ता में वापस आने वाली नहीं, बशर्ते- गड़बड़ी न हो

बसपा सुप्रीमो बोलीं- बीजेपी और इसके सहयोगी दल केंद्र और अधिकांश राज्यों की सत्ता में काबिज हो गए हैं। इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक और द्वेषपूर्ण नीतियां हैं। कथनी-करनी में अंतर है। अब ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है, बशर्ते चुनाव फ्री एंड फेयर हो, मशीन में गड़बड़ी नहीं की जाए।

### बीजेपी की ताकत चहेतों को मालामाल बनाने के लिए

बीजेपी ने अब तक गरीबों, कमजोर तबकों, मध्यम वर्ग और मेहनतकश लोगों को अच्छे दिन दिखाने की हवा-हवाई गारंटी दी। इनकी ताकत इनके अपने चहेते बड़े पूंजीपतियों और धन्ना सेठों को मालामाल बनाने में, हर स्तर पर छूट देने और बचाने में लगी रही। इनके आर्थिक सहयोग से यह पार्टी संगठन चलाती है, चुनाव लड़ाती है।

# ग्वालियर-डबरा की हनीट्रैप गैंग पकड़ी

## बुजुर्ग जमींदार को हुस्न के जाल में फंसाकर मांगे थे 10 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पुलिस ने जमींदार, रिटायर्ड अफसरों और अमीर व अकेले बुजुर्गों को हनीट्रैप कर ब्लैकमेल करने वाली गैंग पकड़ी है। दो महिलाओं सहित पांच लोग (सरनाम, मुकेश व लोकेन्द्र) अभी तक पकड़े जा चुके हैं। गैंग ने हाल ही में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग जमींदार को हनीट्रैप किया था। बुजुर्ग को मिलने बुलाया फिर एक रूम पर ले गए। वहां एक महिला न्यूड हो गई। जमींदार अभी कुछ समझ पाता तभी वहां दो युवक आ धमके। उनके वीडियो शूट कर ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए मांगे। शनिवार को बुजुर्ग ने रुपए देने से मना किया तो जिस महिला ने उसे बुलाया था, उसने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने की धमकी दी। जमींदार फिर भी विरोध करता रहा तो महिला कंपू थाना पहुंच गई और दुष्कर्म की शिकायत की। पुलिस को महिला पर संदेह हुआ। इस दौरान बुजुर्ग ने पूरी कहानी पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए हनीट्रैप करने वाली गैंग का पदार्फाश कर दिया। बता दें कि शनिवार-रविवार की रात को ही पुलिस ने पांचों आरोपियों पर एफआइआर करते हुए गिरफ्तार कर लिया। ग्वालियर के पनिहार निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग जमींदार हैं। हाइवे से लेकर अंदर गांव तक 60 से 70 बीघा जमीन उनके पास है। जिसकी वर्तमान में कीमत करोड़ों में हैं। बुजुर्ग अभी अकेला है, न उसके पत्नी है न ही बच्चे हैं। यही कारण है कि उसके आगे-पीछे कोई नहीं होने पर हनीट्रैप गैंग ने उसे अपना शिकार बनाया है।

### पुलिस का कहना-

इस मामले में कंपू थाना प्रभारी अमित शर्मा का कहना है कि पनिहार के एक बुजुर्ग को हनीट्रैप कर दस लाख रुपए की डिमांड करने वाली गैंग को पकड़ा है। दो महिला सहित पांच आरोपी पकड़े गए हैं। पुलिस पूछताछ कर पता लगा रही है कि गैंग ने अभी तक ऐसे कितने अकेले व अमीर बुजुर्गों को शिकार बनाया है।

# पूर्व सीएम शिवराज बोले- अब मामा दिल्ली जाएगा

## वहां भी बहुत काम है, तुम चिंता मत करना; मेरे जीवन का मिशन महिलाओं का सशक्तिकरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के पोहरी विधानसभा के बैराड़ में रविवार को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा को वोट कर ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह को जिताने की अपील की।**

सीएम ने अपनी बहनों से कहा कि चिंता मत करना तुम्हारा भाई जिंदगी भर तुम्हारे लिए काम करेगा। भोपाल में रहा तब किया, अब मामा दिल्ली जाएगा। दिल्ली भी खाली पीली नहीं जाऊंगा। वहां भी बहुत काम करूंगा। तुम चिंता मत करना।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण करना है। मेरे जीवन का मिशन है। इस वजह से मेरे दिमाग में एक योजना आई लाडली बहना योजना और तय कर दिया कि हर महीने बहनों के खातों में पैसा आएगा। अब हर महीने बहनों के खातों में पैसा आ रहा है।

उन्होंने कहा कि समाज ने कई बार स्त्री और पुरुष के बीच में भेदभाव किया है बेटी जन्म लेती थी तो इतनी खुशी नहीं होती थी। जितना बेटे के जन्म पर होती थी आखिर बेटी बहन को भी तो जीने का अधिकार है। भगवान ने उनके लिए भी तो धरती बनाई है। इस वजह से लाडली लक्ष्मी योजना, बेटियों की शादी की योजना बनाई।

अब तो प्रधानमंत्री जी ने मातृ शक्ति वंदन अधिनियम पास कर दिया है। अब अगली बार मंच पर आधे पुरुष और आधी महिलाएं बैठी मिलेंगी। यह सफर यहां तक नहीं रुकेगा। हर बहन को लखपति बहाना बनाना है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार जनता की सेवा के लिए होती है और मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की सेवा है।

अयोध्या में राम मंदिर बना सबको खुशी हुई, पूरा देश आनंदित था, सब प्रसन्न थे लेकिन कांग्रेस प्रसन्न नहीं थी वह सोच रही थी कि कैसे राम मंदिर बन गया। राम मंदिर बना और उसकी प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी। जिसका निमंत्रण उनको दिया गया लेकिन उन्होंने उसे निमंत्रण को भी ठुकरा दिया।

उन्होंने कहा- कांग्रेस के इरादे बहुत खतरनाक है अगर वह सत्ता में आई तो विरासत टैक्स लगा देगी। जाने के आपके मरने के बाद 55% संपत्ति सरकार के खाते में चली जाएगी।

# बिहार से प्रेमिका संग भागा,जबलपुर में ट्रेन में मिली लाश

## गर्लफ्रेंड बोली-शादी कर मुंबई जा रहे थे; परिजन का आरोप-लड़की ने ही मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। बिहार के आरा में रहने वाले 17 साल के संजय कुमार का शव जबलपुर रेलवे स्टेशन में एक ट्रेन के बाथरूम में मिला। मृतक आरा जिले के भोजपुर का रहने वाला था। संजय कुमार गर्लफ्रेंड के साथ बिहार से मुंबई होते हुए सूरत जा रहा था।**

25 अप्रैल को साप्ताहिक ट्रेन 01040 (समस्तीपुर लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस) के दिव्यांग कोच के बाथरूम में संजय कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही जबलपुर जीआरपी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजकर मृतक के परिजनों को सूचना दी। जिस समय ट्रेन के कोच में 17 साल के किशोर का शव मिला था, उस समय उसके साथ एक किशोरी भी थी। किशोरी ने पूछताछ के दौरान जीआरपी पुलिस को बताया कि दोनों आरा जिले के भोजपुर के रहने वाले हैं। दोनों ने परिवार वालों की अनुमति के बिना शादी की और भागकर सूरत जा रहे थे। यहां बता दें कि दोनों 23 अप्रैल को घर से भागे थे। शनिवार को शव गांव पहुंचने के बाद परिजनों ने जमकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने अहिरपुरवा के पास सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन किया। परिवार का आरोप है कि प्रेमिका ने ही उसकी हत्या की है। हालांकि जबलपुर जीआरपी इसे खुदकुशी बता रही है।

# लेडी डांसर के साथ लगाए ठुमके, एएसआई सस्पेंड

## 3 वीडियो वायरल होने पर एक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। मैहर जिले के रामनगर थाने में पदस्थ एएसआई ने वर्दी में लेडी डांसर के साथ ठुमके लगाए। जोश में आकर उन्होंने स्टेज पर मौजूद एक शख्स को गोद में उठा लिया। वीडियो सामने आने के बाद मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल ने शनिवार को एएसआई सुशील अहिरवार को सस्पेंड कर दिया। मामले की जांच एसडीओपी अमरपाटन शिवकुमार सिंह को सौंपी है।**

बीती 21 अप्रैल को हिनौता गांव में गुलाब सिंह के यहां तिलक समारोह था। कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक सुशील अहिरवार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यहां डांसर भी बुलाई गई थी। वह जब भोजपुरी गानों पर डांस कर रही थी, इसी दौरान एएसआई भी स्टेज पर आ गए। वो वर्दी में थे। कमर पर रिवॉल्वर लटकाकर डांसर के साथ नाचने लगे। वहां मौजूद लोगों ने उनका वीडियो बना लिया।

### चुनाव ड्यूटी छोड़कर बारात में चले गए थे

एएसआई के तीन वीडियो वायरल हो रहे हैं। डांस के वीडियो के अलावा दो वीडियो मतदान के ठीक पहले 25 अप्रैल की रात के हैं। सुशील अहिरवार की ड्यूटी लोकसभा चुनाव के लिए बनाई गई स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) में लगाई गई थी। लेकिन वे चुनाव ड्यूटी छोड़कर 25 अप्रैल को रीवा के मनगवां क्षेत्र में बारात में शामिल होने चले गए थे। इस बारात में भी सुशील ने जमकर डांस किया। हालांकि, उस वक्त वे वर्दी में नहीं थे।

# पूर्व मंत्री बोले-मैंने बस स्टॉप निर्माण में लिया कमीशन

## दीपक जोशी ने कहा-सांसद, विधायक को सबसे ज्यादा हिस्सा इसी में मिलता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़/भोपाल।** एक बस स्टॉप पर एक लाख रुपया मिलता है। ये पता है कि नहीं। सबसे ज्यादा कमीशन अगर किसी सांसद विधायक को मिलता है तो बस स्टॉप में मिलता है। मैं साफ बता रहा हूं। मैं झूठ नहीं बोलता। मैंने भी लिया है थोड़ा-बहुत। सबसे ज्यादा पैसा मिलता है तो इसमें मिलता है। यह कहना है पूर्व मंत्री दीपक जोशी का। वे शनिवार को राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के समर्थन में तलेन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में विधायक, सांसद निधि से बनने वाले बस स्टॉप (यात्री प्रतीक्षालय) के निर्माण में होने वाली कमीशनखोरी की पोल खोली है।

दीपक जोशी ने जनसभा के दौरान कहा- मैं अभी पीलूखेड़ी से यहां तक आया। जगह-जगह मुझे बस स्टॉप दिखे। हर जगह एक ही नाम लिखा था। कहीं नाम छिपे थे, कहीं नहीं छिपे थे। एक बस स्टॉप पर एक लाख रुपया मिलता है। ये पता है कि नहीं। उन्होंने कहा- रोडमल जी को कौन अच्छे से पहचानता है। 2014 में जब रोडमल जी सांसद बन गए तो रोडमल जी ऐसे लग रहे जैसे मैं तो साहब बन गया। एकदम से तन कर रहने लगे। लेकिन विकास के नाम पर क्या किया?

## संपादकीय

# जवाबदेही समझते हैं

भातीय समाज में इतनी विविधता और कई मायनों में जटिलता है कि उसमें अक्सर टकराव जैसे हालात बन जाते हैं। मगर सरकार बिगड़े हालात को संभालने, शांति कायम करने का हर प्रयास करती है। कभी ऐसा हो सकता है कि कहीं स्थितियां इतनी खराब हो जाएं कि उन्हें ठीक करने में वक्त लगे। भारत सरकार अपनी जवाबदेही को समझती है। अपने संप्रभु क्षेत्र में अराजकता पर काबू पाने और लोगों के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। मगर कुछ खास मामलों को आधार बना कर अगर किसी अन्य देश का कोई समूह मानवाधिकार हनन के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता।गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मणिपुर सहित अन्य इलाकों में मानवाधिकार हनन के मामले बढ़े हैं। कुछ गिने-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। वह भी तब, जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है। इस तरह नाहक दखलअंदाजी की वजह से अगर भारत की छवि पर असर पड़ता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा? यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी रिपोर्ट को 'बेहद पक्षपातपूर्ण' करार दिया और कहा कि इसके जरिए देश की नकारात्मक छवि पेश की जा रही है और यह भारत के प्रति खराब समझ को दर्शाता है। विचित्र है कि दुनिया भर में इस तरह की आवाजें उठती रही हैं कि अमेरिकी नीतियों की वजह से कई देशों में मानवाधिकारों को काफी नुकसान पहुंचा है। मगर आए दिन किसी अमेरिकी समूह की ओर से मानवाधिकारों का सवाल उठा कर विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा किया जाता है। जहां तक भारत का सवाल है, कुछ जटिल स्थितियां पैदा होती हैं, तो उन पर काबू पाने और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार बातचीत सहित अन्य जरूरी तौर-तरीके अपना कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करती है। भारत अपनी मुश्किलों को दूर करने में सक्षम है और यहां लोकतंत्र की जड़ें इसीलिए गहरी हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*ख़ता-वार समझेगी*
*दुनिया तुझे*
*अब इतनी ज़ियादा*
*सफ़ाई न दे*

-बशीर बद्र



### ओशो कहिन

**आप जितने लोगों को चाहे, उतने लोगों को प्यार कर सकते हैं. इसका मतलब यह नहीं कि आप एक दिन दिवालिया हो जाएंगे.**

## सैर-सपाटा

# फैमिली के साथ चित्रकूट जाने की कर सकते हैं प्लानिंग, देखिए यहां घूमने की बेस्ट प्लेसिस



चित्रकूट एक बेहद खूबसूरत शहर है। यह जगह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच विंध्य पर्वत और घने जंगलों से घिरी हुई है। इस जगह पर लोगआध्यात्मिक एनर्जी के साथ-साथ सुकून की तलाश में भी आते हैं। चित्रकूट में घूमने के लिए काफी सारी जगह हैं, जिन्हें आप परिवार के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां देखिए चित्रकूट घूमने के लिए बेस्ट प्लेसिस-

### स्फटिक शिला

स्फटिक शिला अपनी सुंदर सेटिंग और पौराणिक महत्व के कारण चित्रकूट में सबसे फेमस स्थलों में से एक है। चित्रकूट में भगवान राम और देवी सीता से संबंधित कई जगह हैं, स्फटिक शिला उन जगहों में से एक है। ये शिला उन पॉलिश चट्टानों को संदर्भित करता है जिन पर भगवान राम के पैर की छाप है।

### जानकी कुंड

मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित जानकी कुंड, हिंदुओं के लिए एक पवित्र जगह है क्योंकि इसका उल्लेख हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथों में भी किया गया है। कहते हैं कि ये वह जगह है जहां देवी सीता अपने निर्वासन के दौरान रोजाना नहाया करती थीं।

### रामघाट

हिंदू परंपरा के अनुसार रामघाट एक पवित्र जगह है। ये भी मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है। राम घाट चित्रकूट के सबसे फेमस पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

### गुप्त गोदावरी गुफाएं

चित्रकूट कई शानदार आकर्षणों का घर है, लेकिन गुप्त गोदावरी गुफाएं अपने महत्व के लिए हिंदुओं के बीच मशहूर हैं। कहा जाता है कि भगवान राम और भगवान लक्ष्मण अपने वनवास के दौरान दरबार लगाने के लिए यहां मिले थे। गुफा के प्रवेश द्वार पर ब्रह्मा, विष्णु और शिव की मूर्तियां है।

New Delhi

# 'बिचौलिए काम नहीं करते...', लवली के इस्तीफे पर बोले उदित राज, दीपक बाबरिया का आरोप- अयोग्य लोगों को कर रहे थे प्रमोट

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दिल्ली कांग्रेस दो फाड़ हो गई है. रविवार को पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है. राजकुमार चौहान के बाद अब अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. दिल्ली में AAP के साथ गठबंधन और टिकट बंटवारे का कलह फिलहाल थमता नहीं दिख रहा है. लवली ने AAP के साथ कांग्रेस के गठबंधन और पार्टी उम्मीदवारों कन्हैया कुमार और उदित राज के बयानों की भी आलोचना की है. AICC दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं. इधर, उदित राज और दीपक बाबरिया के बयान भी आ गए हैं. उन्होंने खुलकर लवली को टारगेट पर लिया



है. अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए अपने पत्र में यह भी कहा, वो खुद को अपाहिज महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लिए गए सभी सर्वसम्मत निर्णयों को दीपक बाबरिया द्वारा 'एकतरफा वीटो' कर दिया गया था. लवली ने कहा, दिल्ली कांग्रेस यूनिट AAP के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, लेकिन पार्टी आलाकमान इसके साथ आगे बढ़ गया. फिलहाल, लवली के इस्तीफे से पार्टी का गुटीय झगड़ा सामने आ गया है. रविवार को लवली ने उन तमाम दावों को भी खारिज किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि टिकट नहीं मिलने के कारण पद छोड़ दिया. लवली ने साफ किया कि वो किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो रहे हैं. लवली ने कहा, कुछ लोग गलत सूचना फैला रहे हैं कि मैं टिकट (वितरण) से नाराज हूं. ऐसा नहीं है.

Chhattisgarh

# बेमेतरा में मालवाहक वाहन और ट्रक की भीषण टक्कर, नौ लोगों की मौत, 23 घायल



**बेमेतरा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक मालवाहक वाहन और मिनी ट्रक की टक्कर हो गई। दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ की मौत हो गई। जबकि 23 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार, हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़े मिनी ट्रक में मालवाहक वाहन टकराने से दर्दनाक हादसा हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुई, पीड़ित एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे का शिकार सभी लोग पथर्रा गांव के निवासी थे, तिरैया गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि मालवाहक वाहन सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक से टकरा गया। मृतकों की पहचान भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अगनिया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (5), रिकेश निषाद (6) और ट्विंकल निषाद (6) के रूप में हुई है। एक की पहचान बाकी है। अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल 23 लोगों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

New Delhi

# डिवाइडर से टकराई SI की स्कूटी और चली गई जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रगति मैदान टनल में सड़क हादसों का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है. अब टनल में हुए एक सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी. अब इस सड़क हादसे का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है. वीडियो में पुलिसकर्मी डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क पर गिरते हुए दिख रहे हैं. पुलिस ने बताया कि इंस्पेक्टर की स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई थी, जिससे उनकी जान चली गई. मृतक पुलिसकर्मी की पहचान एनके पवित्रन के रूप में हुई है जो पूर्वी जिले की अपराध टीम में तैनात था. पुलिस के अनुसार, 27 अप्रैल की देर रात दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की प्रगाति मैदान टनल के अंदर एक डिवाइडर से टकराने के बाद मौत हो गई. हादसे के वक्त पुलिसकर्मी अपनी स्कूटी पर प्रगति टनल से होकर अपने घर आईपी एक्सटेंशन की ओर जा रहे थे, उसी दौरान उनकी स्कूटी का एक्सीडेंट हो गया. जिससे उनकी मौत हो गई. ये घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.

Uttarpradesh

# नोएडा में 4 लड़कियों ने सड़क को बनाया जंग का 'अखाड़ा', रील पर कमेंट को लेकर चले लात-घूंसे

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा में फेज दो क्षेत्र में रहने वाली चार किशोरियों के दो गुटों के बीच रील पर कमेंट को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लड़कियों के दोनों गुटों ने सड़क को ही लड़ाई का अखाड़ा बना दिया और उनके बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें चार किशोरियों के दो गुटों में बीच सड़क पर जमकर मारपीट होती दिख रही है।



थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली दो-दो किशोरियों के बीच रील पर कमेंट को लेकर विवाद हो गया। दोनों गुटों की किशोरियां सगी बहने हैं और 9 वीं और 10वीं की छात्रा हैं। काफी दिनों से इन किशोरियों के बीच इंस्टाग्राम की रील पर कमेंट को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों के बीच शनिवार को विवाद बढ़ गया कि वह एक दूसरे से निपटने की बात करने लगीं। इस दौरान चारों किशोरियां एक दूसरे को धमकी देकर मिलने के लिए सेक्टर-93 बायोडायवर्सिटी पार्क के पास पहुंचीं। इस दौरान दोनों के बीच जमकर मारपीट होने लगी।

## खेल

# CSK की टॉप 4 में एंट्री, इन 5 टीमों के खाते में हैं 10-10 पॉइंट्स

**नई दिल्ली।** IPL 2024 Points Table में बड़ा बदलाव रविवार 28 अप्रैल को देखने को मिला, क्योंकि दो मैच सुपर संडे को खेले गए। पहला मैच गुजरात टाइटन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया, जबकि दूसरा मैच चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। पहले मैच में आरसीबी को जीत मिली, जबकि दूसरे मैच में सीएसके ने बाजी मारी। चेन्नई सुपर किंग्स को इस जीत का फायदा हुआ और टीम फिर से टॉप 4 में पहुंच गई, लेकिन आरसीबी अभी भी सबसे आखिरी पायदान पर है, लेकिन टीम के खाते में 6 अंक हो गए हैं।



वहीं, आपको जानकर हैरानी होगी कि इस समय आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में एक या दो नहीं, बल्कि पांच टीमें ऐसी हैं, जिनके खाते में 10-10 अंक हैं। एकमात्र टीम राजस्थान रॉयल्स है, जिसने 16 अंक हासिल कर लिए हैं और प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली है। वहीं, अगर बात 10-10 अंकों वाली टीमों की करें तो इसमें कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स का नाम शामिल है। हालांकि, नेट रन रेट केकेआर, सीएसके और एसआरएच का बेहतर है, जो टॉप 4 में हैं।

आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर लखनऊ सुपर जाएंट्स और छठे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स है। सातवें नंबर पर गुजरात टाइटन्स, आठवें नंबर पर पंजाब किंग्स, 9वें नंबर पर मुंबई इंडियंस और सबसे आखिरी पायदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है। सिर्फ आरसीबी को छोड़कर बाकी सभी टीमों के पास 16 अंक हासिल करने का मौका है। ऐसे में पॉइंट्स टेबल आए दिन दिलचस्प होती जाएगी। आरसीबी के लिए एक और हार का मतलब होगा कि टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे। वहीं, टॉप 6 टीमों के पास आगे बढ़ने के चांस ज्यादा होंगे।

## सिनेमा

# इमरान खान इस कॉमेडी फिल्म के साथ बॉलीवुड में करने जा रहे वापसी, गोवा में शुरू हुई शूटिंग



बॉलीवुड एक्टर इमरान खान लंबे वक्त के बाद एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। इमरान खान आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के तहत बन रही फिल्म में एक्टिंग करते नजर आएंगे। इमरान खान ने साल 2008 में एक्टिंग की शुरुआत की थी और साल 2015 में बॉलीवुड से दूरी बना ली थी। पीपिंग मून में छपी खबर के मुताबिक, इमरान खान कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म का नाम 'हैप्पी पटेल' होगा। सूत्रों की मानें तो पिछले साल फिल्मों में वापसी का हिंट देने के लगभग आठ महीने बाद इमरान खान ने इस प्रोजेक्ट में काम करना कंफर्म किया है। इमरान खान फिल्म 'हैप्पी पटेल' में हैप्पी पटेल का किरदार निभाएंगे। गोवा में इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। रिपोर्ट की मानें तो 'हैप्पी पटेल' को वीर दास डायरेक्ट करेंगे। बता दें, ये वीर दास की पहली फिल्म होगी जिसे वो डायरेक्ट करेंगे। इससे पहले इमरान खान और वीर दास आमिर खान प्रोडक्शन की फिल्म 'डेल्ही बेली' में साथ नजर आए थे। इससे पहले खबर थी की इमरान खान डिजनी हॉटस्टार की एक स्पाई सीरीज के साथ एक्टिंग में वापसी करेंगे। हालांकि, हॉटस्टार और जियो के बीच डील के बाद इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया था।

## Highlights

1. **Forest fires in Nainital, Pauri Garhwal mostly man-made: Forest dept**
2. **BSP fields Ravi Maurya from Amethi, replaces Azamgarh candidate**
3. **Elevate rather than bringing the successful down: Rajan on taxing the rich**
4. **Baby girl falls & gets stuck on tin roof in Chennai apartment, video of rescue goes viral**
5. **PM Modi launches blistering attack on Cong in Karnataka's Ballari**

# FY25 guidance of 3-5 pc good growth in current environment; cloud migration, GenAI gaining traction: HCLTech CEO

**NEW DEIHI, (Agency).** HCL Technologies' FY25 guidance of 3-5 per cent represents a "good growth" in current environment, CEO C Vijayakumar said, adding cloud migration and GenAI projects are gaining traction but financial services vertical could face 'headwinds'.

Vijayakumar told PTI in an interview that HCL Technologies is keen on acquisitions in areas of semiconductor, automotive, and of platforms that drive strong annuity revenues or geographies such as Japan.

He asserted that the company is poised to capitalise on generative AI opportunities, and that 50,000 people are expected to be fully trained, leveraging GenAI, this year.

The top boss of India's third largest IT services company said discretionary spends



environment "continues to be under pressure" and the situation in FY25 appears "similar" to FY24. The deal pipeline looks "very good" and the company expects to convert some large opportunities soon, which will "definitely help in delivering the growth this year".

The company reported nearly flat year-on-year net profit for March quarter at ₹3,986 crore amid a global environment marred by weak client spends, geopolitical shocks, high inflation, and macroeconomic uncertainties. On a sequential basis the net profit was down 8.4 per cent.

In the fourth quarter of FY24, the revenue from operations stood at ₹28,499 crore, up 7.11 per cent from a year ago. For the full fiscal year , the company reported a 5.7 per cent rise in net profit to ₹15,702 crore. The company posted ₹1,09,913 crore in revenue in FY24, up 8.3 per cent from the previous fiscal.

"Across the industry there is good mix of revenue, which is coming from discretionary spending patterns of clients in this environment that is subdued, which will be visible in FY25.

# Azim Premji's PremjiInvest bets on AI to prop $10 billion fund

**NEW DEIHI, (Agency).** PremjiInvest, the largest Indian family office that manages over $10 billion for software tycoon Azim Premji, will invest more money into artificial intelligence companies while fine-tuning its proprietary AI investment tools, a senior executive at the firm said.

The company, among the first large Indian asset managers to use AI tools in the private equity space, is now working on an AI quant model for its public market bets too, TK Kurien, its managing partner and chief investment officer, said in his first interview after taking the role in 2017. The asset manager, which has seen "exponential



returns," will also invest more in the AI space, he said.

Investment firms worldwide, including BlackRock Inc. and SoftBank Group Corp, are relying on AI to analyze data streams in real-time to glean market intelligence and are looking to invest further in the sector. PremjiInvest started developing AI tools three years ago and hired 14 AI engineers, according to Kurien. At the same time, it started backing firms venturing into the nascent technology space.

AI is helping the asset manager scour more than 10,000 companies globally on 600 parameters to identify investment opportunities. The firm expects the entire exercise to also give it a bird's eye view of emerging technologies and trends that could help it stay ahead of peers, Kurien said.

# होटल के कमरे में युवती ने दी जान

## पुलिस दरवाजा तोड़कर घुसी तो फंदे पर लटकी मिली; प्रेमी पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर में एक होटल के कमरे में युवती की लाश पंखे से लटकी मिली। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोडक़र 24 साल की युवती का शव नीचे उतारा। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। पुलिस ने युवती के प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने और दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। घटना रविवार को होटल वाटिका की है।

सीएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती के फांसी लगाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी होटल वाटिका पहुंच थे। कमरे के दरवाजे को पुलिस ने तोड़ा तो वहां 24 वर्षीय युवती का शव दुपट्टे के सहारे पंखे पर लटका मिला। युवती जुनैद नाम के युवक के साथ होटल में रुकी थी।

### पांच साल से एक-दूसरे को जानते थे दोनों

युवक व युवती महूगांव जिला इंदौर के निवासी थे। युवती हिंदू समुदाय से है। दोनों एक दूसरे को पांच से ज्यादा वर्षों से जानते थे। साथ-साथ महू कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दोनों में प्रेम हो गया।

### प्रेमी के शादी नहीं करने पर थी दुखी

बताया जा रहा है कि युवती ने जुनैद पर शादी का दबाव भी बनाया था। जुनैद किसी न किसी बहाने से टाल देता था। जिससे दुखी होकर रविवार को युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह भी बताया की दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी उनके परिजनों को थी।

# चौथी मंजिल से गिरी महिला

## शादी समारोह में नाचने के दौरान हुआ हादसा मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी में रहने वाली एक महिला शादी समारोह में चौथी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक महिला का नाम काजल पति सरदार प्रजापत निवासी दिग्विजय मल्टी है। महिला रविवार रात पड़ोसी के यहां शादी समारोह में शामिल होने गई थी। इस दौरान वह चौथी मंजिल पर डांस कर रही थी। तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे आ गिरी। उसे आसपास के रहवासी नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां पर रात में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक महिला का पति सरदार हम्माली करता है। उसके परिवार में एक बेटा और बेटी है। हादसे के समय पति अपने फ्लैट पर था। यहां लोगों ने उसे सूचना दी कि पत्नी नीचे गिर गई है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा पुलिस फिलहाल मामले में जांच कर रही है।

# ट्रकों में भरकर ले जाए जा रहे मवेशी मुक्त करवाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने राजस्थान से सुंद्रेल ले जा रहे 6 ट्रैक में 80 मवेशियों को पकडक़र थाने में सुपुर्द कर कार्यवाही कर मुक्त करवाया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल विभाग संगठन मंत्री अभिषेक उदेनिया ने बताया की 78 वाहन राजस्थान से बेल के भरकर आ रहे थे जिनकी सूचना हमारे को लगी की मानपुर थाना क्षेत्र से भी कुछ मवेशी से भरे वहां गुजर रहे हे जिस पर हमारी टीम के लोगो ने शेरपुर में वाहनों को रोककर तलाशी ली गई तो बहनों में ठूस ठुसकर मवेशी भरे थे कई वाहन पिपल्या नीमच थाने पर रोक गए है सभी वाहनों को मानपुर थाने पर लाया गया घटना की सूचना पर महू एएस पी रूपेश द्विवेदी, एस दी ओपी दिलीप सिंह चौधरी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेकर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को समझाईस देकर शांत रहने को कहा इस ए डी ओपी दिलीप सिंह चौधरी ने कहा की वाहनों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम व गोवंश की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है और मामला जांच में लिया वाहन कहा जा रहे थे कोन मालिक है जांच के बाद उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रवीण दरेकर, संतोष वर्मा शुभम ठाकुर आदि मौजूद थे

# नशा तस्कर को 6 महीने के लिए भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राऊ पुलिस ने एक नशा तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 महीने के लिए उसे जेल भिजवाया है। वह भोपाल जेल में रहेगा, आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में एनडीपीएस के मामले दर्ज है। राऊ सर्किल की एसीपी रुबीना मिंजवानी के अनुसार आरोपी का नाम आमिर खान निवासी प्रतापगढ़ है। हाल ही में उसे राऊ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा में गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ इससे पहले राजेंद्र नगर और आजाद नगर में भी मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। आरोपी तीनों ही प्रकरणों में जमानत पर था, लेकिन लगातार नशाखोरी और नशा बेचने का काम कर रहा था। उस पर अंकुश लगाने के लिए प्रकरण डीसीपी के पास पहुंचाया गया। उन्होंने स्वापक और मन प्रभावित पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 (1) के तहत आरोपी आमिर खान पिता समीर खान निवासी ग्राम देवलदी प्रतापगढ़ राजस्थान को 6 माह के लिए भोपाल सेंट्रल जेल में निरुद्ध करने के आदेश दे दिए। अब इस कार्रवाई के बाद आरोपी 6 महीने तक जमानत का लाभ नहीं ले पाएगा।

# मोबाइल चोर पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच टीम ने पलासिया पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए पलासिया इलाके से घेराबंदी कर फरहान पिता जमील खान चंदनवाला,नयापुरा पत्ती बाजार,अकील अंसारी पिता इलियास अंसारी , रानीपुरा को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बड़ी ग्वालटोली स्थित घरों से 2 अक्टूबर 23 को फरियादी के घर में घुसकर मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों से मोबाइल बरामद कर पूछताछ की जा रही है। फरहान खान के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट सहित कई गंभीर अपराध के केस दर्ज है। आरोपियों से पूछताछ में चोरी की कई वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एरोड्रम थाना में दर्ज केस का फरार आरोपी स्थाई वारंटी जेल से जमानत के बाद से ही फरार चल रहा है। आरोपी कौशल पिता नंदकिशोर कोष्टी परदेशीपुरा इलाके में देखा गया है। टीम ने घेराबंदी कर कौशल पिता नंदकिशोर कोष्टी को पकड़ा। आरोपी आदतन आरोपी है जिस पर पूर्व से ही थाना एमजी रोड, परदेशीपुरा, विजय नगर व परदेशीपुरा में डकैती की योजना, लूट, आर्म्स एक्ट व मारपीट जैसे 19 केस दर्ज हैं।

### जागरुकता कार्यक्रम के लिए दंडोतिया को मिला प्रोविजनल अवार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रविवार को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुक करने के लिए आयोजित सेमिनार में खास बात यह रही कि यहां एक वल्ड रिकॉर्ड भी बन गया है क्योंकि इस सेमिनार में सबसे ज्यादा मम्मीयों ने ऑनलाइन और ऑफ लाइन उपस्थित रही और साइबर अपराधों के प्रति जागरुक हुई। एडिशनल डीसीपी राजेश डंडोतिया द्वारा लोगो को साइबर अपराधो के प्रति जागरुक करने के लिए वल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन द्वारा उन्हें प्रोविजनल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। रविवार को इनमो इंदौर माम्स ग्रुप्स के साथ मिलकर रीगल चौराहा स्थित पुलिस सभागृह में इनमो इंदौर की मॉम्स में साइबर अपराधो के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 150 आफ लाइन व 5 हजार से अधिक आन लाइन इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुई।

# मम्मियों के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## मां साइबर अपराधो के प्रति जागरुक रहकर अपने व परिवार के लिए बन सकती है, डिजीटल कॉप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर एवं पुलिस टीम के द्वारा इनमो इंदौर मॉम्स ग्रुप्स के साथ मिलकर रीगल चौराहा स्थित पुलिस सभागृह मे इंदौर की मॉम्स मे साइबर अपराधो के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 150 मॉम्स ऑफलाईन व 5 हजार से अधिक मॉम्स तथा बालक व बालिकाए ऑनलाईन इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुई। साइबर अवेयरनेस के तहत रीगल चौराहा स्थित पुलिस सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने, अपनी 220 वीं कार्यशाला के दौरान वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने सभी से कहा कि हम सभी दिन प्रतिदिन इन नई-नई तकनीकों से रूबरू हो रहे है, लेकिन जल्दबाजी में इसमें ध्यान रखने वाली सावधानियों पर ध्यान नहीं देते है और यही इन साइबर अपराधियों के लिए सबसे बड़ा मौका बन जाता है। इन खतरों से बचने का एकमात्र समाधान जानकारी और जागरूकता ही है।


DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक